# आईआईएम में एमबीए में स्वतंत्र प्रवेश, 'कैप' से हुआ अलग

**नवभारत ब्यूरो। रायपुर।**

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर नए साल में नई पहल करने जा रहा है। आईआईएम रायपुर में एमबीए में प्रवेश स्वतंत्र चयन प्रक्रिया के माध्यम से होगा। यह कॉमन एडमिशन प्रोसेस (सीएपी) 2025 का हिस्सा नहीं होगा और उम्मीदवारों का चयन उनके कैट स्कोर और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर होगा। यह कदम संस्थान के मिशन और उद्देश्यों के अनुरूप अधिक व्यक्तिगत और उद्देश्यपूर्ण चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है।

इस रणनीतिक बदलाव के साथ आईआईएम रायपुर का उद्देश्य आवेदकों को एक सुव्यवस्थित और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना है, जो प्रबंधन शिक्षा में नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

जानकारी के अनुसार प्रोफाइल शॉर्ट लिस्टिंग की प्रक्रिया जनवरी 2025 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। एडमिशन इंटरव्यू भारत के आठ शहरों - मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ, बेंगलुरु, नई दिल्ली, गुवाहाटी और रायपुर में आयोजित किए जाएंगे। इंटरव्यू का संभावित समय 10 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक है। इच्छुक उम्मीदवार पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरण आईआईएम रायपुर के आधिकारिक एडमिशन पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्षों में आईआईएम रायपुर ने प्रभावशाली लैंगिक विविधता अनुपात हासिल किया है। 2022-24 बैच के लिए उच्चतम पैकेज 42.29 लाख रुपए प्रति वर्ष और औसत पैकेज 18.15 लाख रुपए प्रति वर्ष था। सशक्त उद्योग संबंधों के साथ संस्थान ने पिछले शैक्षणिक सत्र की प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान 116 कंपनियों को आकर्षित किया, जिसमें 38 नई कंपनियां शामिल थीं। इसके अलावा, संस्थान ने इंजीनियरिंग, विज्ञान, वाणिज्य, कला, चिकित्सा, कानून, होटल प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों का स्वागत करते हुए अकादमिक विविधता को निरंतर प्रदर्शित किया है।

**शॉर्ट लिस्टिंग जनवरी दूसरे सप्ताह से, देश के 8 शहरों में इंटरव्यू**

## संस्थान का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास : निदेशक

आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने कहा, हमारे संस्थान का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ, हम ऐसे अवसर प्रदान करते हैं, जो क्रॉस-कल्चरल और इमोशनल इंटेलिजेंस, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देते हैं। स्वतंत्र प्रवेश प्रक्रिया अपनाकर, हम आवेदकों को एक अधिक अनुकूल और निर्बाध अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, हमारे साक्षात्कार पैनल में कम से कम एक उद्योग विशेषज्ञ शामिल होगा। साक्षात्कार गुवाहाटी और लखनऊ जैसे आठ शहरों में आयोजित होंगे, जो हमारे देश के दूर-दराज के क्षेत्रों तक हमारी पहुंच का प्रतीक है। यह हमारे प्रमुख एमबीए कार्यक्रम में सामाजिक पहुंच को भी बढ़ाएगा, जिसे हमारे उच्च बौद्धिक संकाय द्वारा संचालित किया जाता है और जो अकादमिक उत्कृष्टता, विविधता और उद्योग की प्रासंगिकता के मामले में मानक स्थापित करता है। यह हमारे छात्रों को वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाएगा।

**Navabharat (My City), 30 Dec 2024, P. 02**